# Bihar Board Class 6 Social Science Important Questions History Chapter 8 नए प्रश्न, नवीन विचार

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
बौद्ध धर्म के संस्थापक कौन थे?
उत्तर:
बौद्ध धर्म के संस्थापक सिद्धार्थ थे जिनमें गौतम के नाम से भी जाना जाता है।

प्रश्न 2.
सिद्धार्थ को किस वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त हुआ?
उत्तर:
सिद्धार्थ को पीपल के वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त हुआ।

प्रश्न 3.
बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश कहाँ दिया?
उत्तर:
बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश वाराणसी के निकट स्थित सारनाथ में दिया।

प्रश्न 4.
सारनाथ में स्तूप का निर्माण क्यों किया गया?
उत्तर:
सारनाथ में बुद्ध ने अपना सर्वप्रथम उपदेश दिया था, इसकी स्मृति में उस स्थान पर स्तूप का निर्माण किया गया।

प्रश्न 5.
उपनिषद् का शाब्दिक अर्थ क्या है?
उत्तर:
उपनिषद् का शाब्दिक अर्थ है 'गुरु के समीप बैठना।

प्रश्न 6.
उपनिषदों में किन बातों का संकलन किया गया है?
उत्तर:
उपनिषदों में अध्यापकों और विद्यार्थियों के बीच की बातचीत का संकलन किया गया है।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 7.
भारतीय दर्शन की किन्हीं दो शाखाओं के नाम लिखिये।
उत्तर:

- वैशेषिक
- न्याय।

प्रश्न 8.
उपनिषद काल की एक विदुषी नारी का नाम बताइये।
उत्तर:
गार्गी।

प्रश्न 9.
पाणिनी ने किस चीज की रचना की?
उत्तर:
पाणिनी ने संस्कृत भाषा के व्याकरण की रचना की।

प्रश्न 10.
मगध में बोली जाने वाली प्राकृत क्या कहलाती थी?
उत्तर:
मगध में ओली जाने वाली प्राकृत, मागधी कहलाती थी।

प्रश्न 11.
जैन धर्म की शिक्षाएँ कब तथा कहाँ लिखी गई थी?
उत्तर:
जैन धर्म की शिक्षाएँ लगभग 1500 वर्ष पूर्व गुजरात में वल्लभी नामक स्थान पर लिखी गई थी।

प्रश्न 12.
महावीर तथा बुद्ध दोनों का क्या मानना था?
उत्तर:
महावीर तथा बुख दोनों का ही मानना था कि घर का त्याग करने पर ही सच्चे ज्ञान की प्राप्ति हो सकती है।

प्रश्न 13.
कार्ले की गुफा किस राज्य में स्थित है?
उत्तर:
कालें की गुफा वर्तमान महाराष्ट्र में स्थित है।

प्रश्न 14.
संघ में प्रवेश लेने वालों में कौन लोग शामिल थे?
उत्तर:
संघ में प्रवेश लेने वालों में ब्राह्मण, क्षत्रिय, व्यापारी, मजदूर, नाई, गणिकाएं तथा दास शामिल थे।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 15.
विहार किसे कहते हैं?
उत्तर:
भिक्षु - भिक्षुणियों को वर्षा ऋतु में रुकने हेतु बनाये गये शरणस्थलों को विहार कहा जाता है।

प्रश्न 16.
आश्रम - व्यवस्था में कितने आश्रमों की व्यवस्था - की गई? नाम लिखिये।
उत्तर:
आश्रम - व्यवस्था में चार आश्रमों की व्यवस्था की गई:

- ब्रह्मचर्य आश्रम
- गृहस्थ आश्रम
- वानप्रस्थ आश्रम
- संन्यास आश्रम।

प्रश्न 17.
जरथुख की मूल शिक्षा का सूत्र क्या है?
उत्तर:
जरथुस्त्र की मूल शिक्षा का सूत्र है - 'सद् - विचार, सद् - वचन तथा सद् - कार्य।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
लगभग 2500 वर्ष पहले जीवन में क्या परिवर्तन आ रहे थे? बताइये।
उत्तर:
लगभग 2500 वर्ष पूर्व लोगों के जीवन में तेजी से परिवर्तन हो रहे थे:

1. महाजनपदों के कुछ राजा इस समयं बहुत शक्तिशाली हो गए थे।
2. हजारों सालों के बाद फिर से नगर उभर रहे थे।
3. गाँवों के जीवन में भी बदलाव आ रहा था।
4. बहुत से चिंतक कठिन प्रश्नों के उत्तर ढूंढने का प्रयास कर रहे थे।

प्रश्न 2.
बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति किस प्रकार हुई?
उत्तर:

1. बुद्ध ने युवावस्था में ही ज्ञान की खोज में घर के सुखों को छोड़ दिया।
2. अनेक वर्षों तक वे भ्रमण करते रहे तथा अन्य विचारकों से मिलकर चर्चा करते रहे।
3. अंततः ज्ञान प्राप्ति के लिए उन्होंने स्वयं ही रास्ता हूंढ़ने का निश्चय किया।
4. इसके लिए उन्होंने बोध गया (बिहार) में एक पीपल के वृक्ष के नीचे कई दिनों तक तपस्या की। अंतत: उन्हें जान प्राप्त हुआ। इसके बाद ही वे बुद्ध के रूप में जाने गए।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 3.
मृत्यु के बाद के जीवन के बारे में उपनिषद काल के अधिकांश चिन्तक क्या मानते थे?
उत्तर:
उपनिषद् काल के अधिकांश चिंतकों का यह मानना था कि इस विश्व में कुछ तो ऐसा है जो कि स्थायी है और जो मृत्यु के बाद भी बचा रहता है। उन्होंने इसका वर्णन आत्मा तथा ब्रह्म अथवा सार्वभौम आत्मा के रूप में किया है। वे मानते थे कि अन्ततः आत्मा तथा ब्रह्म एक ही हैं।

प्रश्न 4.
सत्यकाम जाबाल के बारे में आप क्या जानते है?
उत्तर:
सत्यकाम जाबाल एक निर्धन व्यक्ति थे। उपनिषद् काल में होने वाली वैचारिक चर्चाओं में इस तरह के निर्धन व्यक्ति बहुत कम ही हिस्सा लेते थे। इस तरह का एक प्रसिद्ध अपवाद सत्यकाम जाबाल का है। सत्यकाम जाबाल का नाम उसकी दासी माँ के नाम पर पड़ा। सत्यकाम के मन में सत्य जानने की तीव्र जिज्ञासा उत्पन्न हुई। गौतम नामक एक ब्राह्मण ने उन्हें अपने विद्यार्थी के रूप में स्वीकार किया तथा वह अपने समय के सर्वाधिक प्रसिद्ध विचारकों में से एक बन गए।

प्रश्न 5.
पाणिनि कौन थे? उनका योगदान बताइये।
उत्तर:
पाणिनि एक प्रसिद्ध व्याकरणविद् थे। पाणिनि ने संस्कृत भाषा के व्याकरण की रचना की। उन्होंने स्वरों तथा व्यंजनों को एक विशेष क्रम में रखकर उनके आधार पर सूत्रों की रचना की। ये सूत्र बीजगणित के सूत्रों से काफी मिलतेजुलते हैं। इसका प्रयोग कर उन्होंने संस्कृत भाषा के प्रयोगों के नियम लघु सूत्रों (लगभग 3000) के रूप में लिखे।

प्रश्न 6.
वर्धमान महावीर कौन थे? उन्हें ज्ञान किस प्रकार प्राप्त हुआ?
उत्तर:
वर्धमान महावीर जैन धर्म के 24वें तथा अनिम तीर्थकर थे। वर्धमान महावीर वजि संघ के लिच्छवि कुल के एक क्षत्रिय राजकुमार थे। 30 वर्ष की आयु में उन्होंने घर छोड़ दिया और जंगल में रहने लगे। बारह वर्ष तक उन्होंने कठिन व एकाकी जीवन व्यतीत किया। इसके बाद उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ।

प्रश्न 7.
जरथुस्त्र एवं जरथुस्त्रवाद पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए।
उत्तर:
जरथुस्व एक ईरानी पैगम्बर थे। उनकी शिक्षाओं का संकलन जेन्द - अवेस्ता नामक ग्रंथ में मिलता है। इसकी भाषा तथा इसमें वर्णित रीति - रिवाज, वेदों की भाषा और  रीति - रिवाजों से काफ़ी मिलते हैं। जरथुस्त्र की मूल शिक्षा का सूत्र है : 'सद् - विचार, सद् - वचन तथा सद् - कार्य।' एक हजार से भी अधिक वर्षों तक जरथुस्ववाद ईरान का एक प्रमुख धर्म रहा। बाद में कुछ जरथुरववादी ईरान से आकर गुजरात और महाराष्ट्र के तटीय नगरों में बस गए। ये लोग ही आज के पारसियों के पूर्वज हैं।

https://www.evidyarthi.in/